दिन– शुक्रवार दिनांक– 25/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने अयोध्या से सीतामढ़ी तक दो सौ छप्पन किलोमीटर लंबी रेल लाईन के दोहरीकरण परियोजना को मंजूरी दी। परियोजना पर चार हजार पांच सौ तिरेपन करोड़ रुपये की आयेगी लागत।

02. शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों के छह लाख शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की ई–सेवा पुस्तिका बनाने का फैसला किया।

03. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन। अब तक इकतीस प्रत्याशियों ने दाखिल किये पर्चे।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्यभर के मौसम में बदलाव। आज राज्य के पूर्वी और दक्षिण मध्य हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान।

अब समाचार विस्तार से........

---

केंद्र सरकार ने अयोध्या से सीतामढ़ी के बीच रेल दोहरीकरण योजना को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दो सौ छप्पन किलोमीटर लंबी इस रेल लाईन पर चार हजार पांच सौ तिरेपन करोड़ रुपये की लागत आयेगी। इसके तहत नरकटियागंज–रक्सौल–सीतामढ़ी–दरभंगा और सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर रेलखंड का दोहरीकरण शामिल है। श्री वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों के बीच संपर्क बढ़ेगा और सामाजिक आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत तीन सौ दस से अधिक रेल पुलों का निर्माण किया जाएगा।

–––बाईट–––

श्री वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने पटना के बिहटा में प्रस्तावित एयरपोर्ट समेत पश्चिम बंगाल के बागडोगरा और उत्तर प्रदेश के वाराणसी एयरपोर्ट के लिए पांच हजार आठ सौ बत्तीस करोड़ रुपये मंजूर किये हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अयोध्या से सीतामढ़ी तक रेल लाईन के दोहरीकरण के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि रेल लाईन का दोहरीकरण हो जाने से अयोध्या और सीतामढ़ी के पुनौराधाम के बीच श्रद्धालुओं को आने–जाने में सुविधा होगी। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है।

———————————————————————————

रेल मंत्रालय दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए सात हजार विशेष रेलगाड़ियिों का परिचालन कर रहा है। रेलमंत्री अश्विन वैष्णव ने नई दिल्ली में बताया कि त्यौहारों के मौसम में प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्री इन विशेष रेलगाड़ियों से सफर कर सकेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश होंगे। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ से परामर्श के बाद न्यायमूर्ति खन्ना को भारत का प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया है। वे ग्यारह नवम्बर को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना देश के इक्यावनवें प्रधान न्यायाधीश होंगे और अगले वर्ष तेरह नवम्बर को सेवा निवृत्त होंगे।

———————————————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों, पुस्तकालय अध्यक्षों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की ई–सेवा पुस्तिका बनेगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि लगभग छह लाख कर्मियों की ई–सेवा पुस्तिका बनायी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश जारी कर दिये गये हैं। पुस्तिका में शिक्षकों और कर्मियों की व्यक्तिगत और सेवा संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध होंगी। इसमें नियुक्ति, सेवा संपुष्टि, वेतन निर्धारण, प्रोन्नति, स्थानांतरण, विभागीय कार्रवाई, शैक्षणिक–प्रशैक्षणिक योग्यता और पुरस्कार जैसे

बिंदु शामिल रहेंगे। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि ई–सेवा पुस्तिका बन जाने के बाद पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और कोई भी विभागीय पदाधिकारी इसे ऑनलाइन देख सकेंगे। ई–सेवा पुस्तिका का बायोमीट्रिक आधार सत्यापन भी करवाया जाएगा।

———————————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन क्षेत्रों से अब तक इकतीस प्रत्याशियों ने अपने पर्चे भरे हैं। तरारी और बेलगागंज से दस–दस, रामगढ से सात और इमामगंज से चार प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र भरा है। नामांकन पत्रों की जांच अट्टाईस अक्टूबर को होगी, जबकि प्रत्याशी तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा।

———————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के बाद बिहार में पैक्स के हटाए गए एक लाख से अधिक सदस्यों की मान्यता फिर से बहाल हो गयी है। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने पैक्स में सदस्यता संबंधी नियम के एक प्रावधान को फिर से बहाल करने का आदेश दिया है। इससे राज्य के एक लाख से अधिक कृषक सदस्यों की पैक्स की सदस्यता फिर से बहाल हो गयी है और उन्हें आगामी चुनाव में सहभागिता का अवसर मिलेगा।

———————————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि आधार कार्ड को आयु निर्धारित करने के लिए वैध दस्तावेज नहीं माना जा सकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और उज्ज्वल भुईयां की पीठ ने इस संबंध में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक आदेश को खारिज कर दिया। इसमें सड़क हादसे में पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के लिए आयु निर्धारित करने में आधार कार्ड को स्वीकार किया गया था।

———————————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना ओडिशा तट से टकराने के बाद उत्तर ओडिशा से होते हुए उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि तूफान के आज दोपहर तक कमजोर होने की संभावना है। इधर, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से

प्रदेशभर के मौसम में बदलाव आया है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये हैं और ठंडी हवा चल रही है। कई जगहों पर हल्की बारिश भी हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आज राज्य के पूर्वी और दक्षिण मध्य भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————————————————————

देश में अब ग्राम पंचायत स्तर पर पांच दिनों का दैनिक मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध होगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि यह पूर्वानुमान ई–ग्राम स्वराज पोर्टल, ग्राम मानचित्र और मेरी पंचायत मोबाईल ऐप पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को अपनी फसलों के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी।

————————————————————————————————————

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर पटना, गया, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले में पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गयी है। इन जिलों में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए पटाखों के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग तथा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने संबंधित जिलाधिकारियों को आदेश का अनुपालन कराने और उल्लंघन करने वालों से जुर्माना वसूलने के साथ ही कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अवैध पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए धावा दल गठित करने के निर्देश दिये गये हैं।

———बाईट———

————————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजगीर में विश्व शांति स्तूप के वार्षिक समारोह का उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही वे रत्नागिरी की तराई के रोप–वे परिसर में नवनिर्मित बहुउद्देशीय भवन का भी लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्र भी उपस्थित रहेंगे।

---

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से डेंगू के एक सौ पैंसठ नए मामलों की पुष्टि हुयी है। इसमें सबसे अधिक बहत्तर मामले पटना से हैं। वहीं, पटना में पिछले चौबीस घंटों के दौरान चिकनगुनिया के ग्यारह मामलों की पुष्टि हुयी है।

---

अररिया जिला प्रशासन ने शहर के बिगड़ते माहौल और तनाव की स्थिति को देखते हुए सभी समुदाय के लोगों से आपसी सद्भावना बनाए रखने की अपील की है। जिला प्रशासन ने शांति व्यवस्था में सहयोग करने और सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक तथ्यों पर भरोसा नहीं करने की भी अपील की है।

---

सीतामढ़ी जिले के परिहार प्रखंड के बेला थाना क्षेत्र के उसरैना टोले मोहनपुर में तालाब में डूबने से एक ही परिवार के चार महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलहट्टा स्थित करेह नदी में डूबने से दो किशोर की मौत हो गयी।

---

एसटीएफ की विशेष टीम ने गया जिले के कोच थाना क्षेत्र से एक लाख रुपये के ईनामी नक्सली विनय यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ गया, नवाद और औरंगाबाद जिले के कई थानों में नक्सल कांड दर्ज हैं।

---

पटना के अशोक नगर से पुलिस ने कुख्यात चांद गिरोह के तीन सदस्यों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिंदुस्तान** लिखता है – सीतामढ़ी से अयोध्या मार्ग में दो सौ छप्पन किलोमीटर रेल लाइन बिछेगी।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– जून तक सभी पंचायत भवनों का निर्माण कराएं पूरा।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – गुलमर्ग के पास सेना के काफिले पर हमला, दो जवान शहीद, दो पोर्टर की मौत।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – विधानसभा चुनाव से पहले पांच लाख पदों पर होगी बहाली।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – एलएसी पर जमीनी स्थिति बहाल करने पर बनी व्यापक सहमति।

चक्रवाती तूफान दाना से जुड़ी खबरों को **दैनिक आज** समेत **सभी समाचार पत्रों** ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. केंद्र सरकार ने अयोध्या से सीतामढ़ी तक दो सौ छप्पन किलोमीटर लंबी रेल लाईन के दोहरीकरण परियोजना को मंजूरी दी। परियोजना पर चार हजार पांच सौ तिरेपन करोड़ रुपये की आयेगी लागत।

02. शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों के छह लाख शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की ई–सेवा पुस्तिका बनाने का फैसला किया।

03. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन। अब तक इकतीस प्रत्याशियों ने दाखिल किये पर्चे।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्यभर के मौसम में बदलाव। आज राज्य के पूर्वी और दक्षिण मध्य हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।